SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
Class Notes

CLASS: 5 SUBJECT: हिंदी
Prepared By: Salma (Date:) LESSON- 14 हार नहीं होती

प्रश्न-१) शब्दार्थ मधुश्री पाठ्यपुस्तक से नोटबुक में लिखिए।

प्रश्न-२) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए-

क) हार - पराजय
वाक्य- लगातार कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

ख) परिश्रम – मेहनत
वाक्य- परिश्रम का फल हमेशा मीठा होता है।

प्रश्न-३) खाली-स्थान भरिए-

क) गहरे सागर से मोती **गोताखोर** ढूँढ़कर लाता है।
ख) मन का विश्वास रगों में **साहस** भर देता है।
ग) कोशिश करके **सफलता** प्राप्त करने पर जय-जयकार होती है।

प्रश्न-४) लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में दीजिए-

१) नन्ही चींटी किस प्रकार अपने कार्य में सफल होती है?

उत्तर- नन्ही चींटी जब दीवारों पर चढ़ती है तब सौ बार गिरती- फिसलती है। मगर फिर भी वह कोशिश करती रहती है, हार नहीं मानती। मन में अगर विश्वास हो तो कठिन से कठिन काम भी आसान हो जाता है।

२) कोशिश करने वाले व्यक्ति कैसे होते हैं? औरों से वे क्या अलग करते हैं?

उत्तर-कोशिश करने वाले व्यक्ति दृढ़-निश्चयी होते हैं। वे औरों की तरह हार नहीं मानते बल्कि निरंतर प्रयास करते रहते हैं।

३) गोताखोर कैसे उत्साहित हो जाता है?

उत्तर- समुद्र के गहरे पानी में जाकर भी जब उसे कुछ नहीं मिलता तो उसका उत्साह दोगुना हो जाता है। कोशिश करने पर वह मोती निकाल लाता है।

प्रश्न-५) दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर चार से पाँच वाक्यों में दीजिए-

१) **कवि ने गोताखोर के बारे में क्या कहा है?**

उत्तर- गोताखोर के बारे में कवि ने कहा है कि गहरे पानी में गोताखोर डुबकी लगाकर मोती को पा सकता है। ठीक वैसे ही हमें लगातार प्रयत्नशील रहना चाहिए।

२) कविता का मूल भाव क्या है?

उत्तर- इस कविता का मूल भाव परिश्रम है। इस कविता में कोशिश करने से सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया गया है।

३) असफलता को चुनौती मानकर क्यों स्वीकार करना चाहिए?

उत्तर- असफलता को चुनौती मानकर इसलिए स्वीकार करना चाहिए ताकि हम कमी को पहचान सके और उसमें सुधार करके सफलता को प्राप्त कर सकें।

४) मैदान छोड़कर भागने का क्या अर्थ है? कैसे लोग मैदान छोड़कर भाग जाते हैं?

उत्तर- मैदान छोड़कर भागने का अर्थ असफलता से हारकर सफलता के लिए प्रयास ही न करके हार मानना है। जो लोग मेहनत करना नहीं जानते और जो असफलता से डरते हैं, वे मैदान छोड़कर भाग जाते हैं।

५) कविता से प्राप्त सीख अपने शब्दों में लिखिए।

उत्तर- कविता से हमें कोशिश करते रहने की प्रेरणा मिलती है। असफलता को चुनौती मानकर अपनी गलतियों को सुधार कर फिर से लक्ष्य प्राप्ति तक कोशिश करने की सीख मिलती है।

प्रश्न-६) गतिविधि- कविता का मनपसंद अंश कंठस्थ करके कक्षा में सुनाइए।

SUB TEACHER HOD CO-ORDINATOR PRINCIPAL